भाकृअनुप-सीफेट उद्योग इंटरफेस मीट और कृषि प्रसंस्करण एवं खाद्य प्रसंस्करण मेला, 3-5 अक्टूबर, 2024

दिनांक:28.09.2024

केंद्रीय कटाई उपरांत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीफेट) को बहुप्रतीक्षित सीफेट-आईफा 2024 - कृषि प्रसंस्करण और खाद्य प्रसंस्करण पर उद्योग इंटरफेस मेले की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो 3 से 5 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित किया जाएगा। यह भव्य आयोजन कृषि प्रसंस्करण एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों, अनुसंधान संस्थानों और उद्यमियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा । कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी नवीनीकरण में अग्रणी भाकृअनुप-सीफेट ने टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने और कृषि प्रसंस्करण में नवीनीकरण को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्थान ने देश भर में लगभग 300 कृषि प्रसंस्करण केंद्र (एपीसी) स्थापित किए हैं तथा राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण अध्ययन किए हैं, जैसे कि प्रमुख फसलों की कटाई एवं कटाई के बाद होने वाले हानि का आंकलन करना, एफसीआई तथा सीडब्ल्यूसी गोदामों में भंडारण हानि का विश्लेषण करना एवं खाद्यान्नों के कुशल दीर्घकालिक भंडारण प्रबंधन के लिए मानदंडों की सिफारिश करना है । 33 पेटेंटों के साथ, संस्थान व्यावसायीकरण के लिए फसलोत्तर प्रौद्योगिकियों की एक श्रृंखला प्रस्तुत करता है, जिसमें दृश्य प्रकाश कीट जाल, माइसीलियम-आधारित पैकेजिंग सामग्री, हवाईजर तैयारी मशीन, टेबलटॉप वैक्यूम फ्रायर और रोबोटिक सेब-तोड़ने वाली भुजा जैसे नवीनीकरण शामिल हैं।

सीफेट-आईफा, 2024 के मुख्य आकर्षणों में किसानों, उद्यमियों एवं एफपीओ सदस्यों के लिए कृषि एकत्रीकरण, प्रसंस्करण, भंडारण एवं विपणन को अनुकूलित करने पर केंद्रित कार्यशाला, चावल मिलिंग तथा फाइबर प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी पर उद्योग इंटरफेस मीट, छात्रों के लिए एक हैकथॉन, ज्ञान साझा करने, नेटवर्किंग एवं व्यावसायिक अवसरों की खोज के लिए किसान गोष्ठी शामिल हैं।

इस कार्यक्रम के लिए ज्ञान सहयोगियों में भाकृअनुप-सीआईएई, भोपाल, भाकृअनुप-एनआईएसए, रांची, भाकृअनुप -एनआईएनएफईटी, कोलकाता तथा भाकृअनुप-सीआईआरसीओटी, मुंबई शामिल हैं। भाकृअनुप-सीआईएई कृषि आईसीएआर-सीआईएई कृषि उत्पादन एवं उत्पादनोत्तर में मशीनीकरण के लिए प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेगा। भाकृअनुप-एनआईएसए गोंद, रेजिन एवं द्वितीयक कृषि में नवाचार प्रस्तुत करेगा। भाकृअनुप-एनआईएनएफईटी प्राकृतिक रेशों , जैसे जूट, भांग, सन एवं अन्य से बने उत्पादों को प्रदर्शित करेगा। भाकृअनुप-सीआईआरसीओटी कपास प्रसंस्करण में सफलताओं का प्रदर्शन करेगा, जिसमें स्मार्ट टेक्सटाइल, प्राकृतिक रूप से रंगीन कपास, वायु-शुद्ध करने वाले पर्दे, नमक रहित रंगाई एवं जैव-समृद्ध खाद शामिल हैं।

इस आयोजन की एक प्रमुख विशेषता टेक्नो-फूड हैकाथॉन संस्करण 1.0 होगी, जो छात्र स्टार्टअप्स को अपने विचार प्रस्तुत करने, विशेषज्ञों से जुड़ने और निवेशकों के सामने प्रस्तुति देने का अवसर प्रदान करेगी। यह मेला उद्यमियों को आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य गुणवत्ता तथा सुरक्षा अनुपालन के बारे में बहुमूल्य जानकारी भी प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, भाकृअनुप के हितधारकों द्वारा निर्मित खाद्य एवं फाइबर उत्पाद प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे।

भाकृअनुप-सीफेट के निदेशक डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "सीफेट-आईफा 2024 उद्यमियों को सशक्त बनाने एवं कृषि प्रसंस्करण उद्योग को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।"

यह कार्यक्रम पंजाब के लुधियाना में पीएयू कैंपस के अंदर भाकृअनुप-सीफेट परिसर में आयोजित किया जाएगा तथा इसमें किसानों, उद्योग पेशेवरों, नीति निर्माताओं, छात्रों एवं आम जनता सहित 5,000 से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। अधिक जानकारी और पंजीकरण के लिए, https://ciphet.icar.gov.in/ciphet-iifa-2024/ पर जाएं या 0161-2313116 पर कॉल करें।

भाकृअनुप-सीफेट कृषि क्षेत्र के सभी हितधारकों को इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम में भाग लेने एवं फसल कटाई के बाद की प्रौद्योगिकी प्रगति के माध्यम से भारतीय कृषि के विकास में योगदान करने के लिए आमंत्रित करता है।